दिनांकः 24.10.2024          समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर—अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र को समर्पित एक हजार करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड को मंजूरी दी।
- राज्य की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए अब तक 33 उम्मीदवारों ने नामज़दगी के पर्चे भरे—कल नामांकन का आखिरी दिन।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विश्वविद्यालयों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम तैयार करने पर जोर दिया।
- पश्चिमी राज्यों का सामुदायिक रेडियो सम्मेलन आज से जयपुर में शुरू।

000

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र को समर्पित एक हजार करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड को मंजूरी दे दी है। प्रस्तावित वेंचर कैपिटल फंड को फंड संचालन की अवधि से पांच साल तक बढ़ाये जाने की योजना है। निवेश के अवसरों और फंड आवश्यकताओं के आधार पर औसत तय राशि 150 से 250 करोड़ रुपये प्रति वर्ष हो सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आज हुई बैठक में ये फैसला लिया गया। बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह फंड रणनीतिक रूप से भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को आगे बढ़ाने, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने 6 हजार 798 करोड रुपये के अनुमानित लागत की दो रेल परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है।

000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए अब तक 33 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे हैं। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज 22 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। आज झुंझुनूं में छह, दौसा, खींवसर और सलूम्बर में चार—चार प्रत्याशियों ने, रामगढ़ में दो और देवली—उनियारा तथा चौरासी सीट पर एक—एक उम्मीदवार ने पर्चा भरा है। कल उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी और नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है। मतदान 13 नवम्बर को होगा। 23 नवम्बर को वोटों की गिनती की जाएगी।
इस बीच, उपचुनाव के लिए विभिन्न पार्टियों और उम्मीदवारों ने प्रचार शुरू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज झुंझुनूं और दौसा में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की। सलूम्बर, झुंझुनूं और रामगढ़ में विभिन्न प्रत्याशियों ने पर्चे भरने से पहले वाहन रैली निकाली।

000

चित्तौडगढ में राइजिंग राजस्थान इनवेस्टर्स मीट में 8 हजार 345 करोड़ रुपए के 228 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनके जरिए 18 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। चित्तौडगढ के जिला प्रभारी मंत्री और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने वर्चुअल माध्यम से मीट को संबोधित किया। उहोंने कहा कि निवेशक चित्तौड़गढ़ में उद्योग स्थापित कर जिले के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। समारोह में सांसद सीपी जोशी, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या और अर्जुन लाल जीनगर तथा जिला प्रभारी सचिव भानु प्रकाश एटरु और जिला कलेक्टर आलोक रंजन मौजूद रहे। इस अवसर पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया और विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई।

इसी तरह आज ब्यावर में जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन, जिले के प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा की मौजूदगी में हुआ। उन्होंने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उद्योगों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को दूर करेगी। इस दौरान 2 हजार 845 करोड़ रुपये निवेश के एमओयू किए गए। निवेश के फलस्वरुप जिले के लगभग 8 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

000

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने आज नई दिल्ली में विश्व कौशल कार्यक्रम–2024 के विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि विजेताओं ने कड़ी मेहनत और लगन से अपनी कौशल क्षमता बढ़ाई है। उन्होंने बताया कि अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड प्रोग्राम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सहयोग से चलाया जा रहा है।

000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने नदियों, जलग्रहण क्षेत्रों और जल निकायों पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सचिव से रिपोर्ट मांगी है। न्यायालय ने अतिक्रमण को रोकने और कानूनों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्वविद्यालयों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ऐसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम तैयार करने पर जोर दिया है, जिससे विद्यार्थी नौकरी करने के लिए नहीं बल्कि नौकरी देने वालों के रूप में तैयार हो सकें। वे आज राजभवन में प्रदेश के वित्तपोषित विश्वविद्यालयों में नेक रैंकिंग और नई शिक्षा नीति से जुड़े मुद्दों पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य के सभी वित्तपोषित विश्वविद्यालयों की आवश्यक रूप से नेक रैंकिंग करवाने और इसके लिए अब तक की गई तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण संस्कृति विकसित करने के लिए नैक रैंकिंग जरूरी है।

इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम को बेहतर बनाने, मूल्यांकन व्यवस्था सुदृढ़ करने, अनुसंधान और नवाचारों को अपनाते हुए संस्थागत रूप में श्रेष्ठ प्रथाएं अपने यहां विकसित किए जाने पर जोर दिया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि भगवान महावीर ने अहिंसा, अपरिग्रह और करूणा का जो संदेश दिया वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने 'अहिंसा' पर्व पर महावीर स्वामी के जियो और जीने दो के संदेश से सीख लेते हुए सभी को मानवता के लिए काम करने पर जोर दिया। श्री बागडे आज जयपुर में राजस्थान जैन सभा द्वारा आयोजित 'अहिंसा पर्व वर्ष 2551' के शुभारंभ समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के निर्वाण को आगामी 1 नवम्बर को ढाई हजार साल पूरे हो जाएंगे। यह समय उनकी शिक्षाओं को आगे बढ़ाते हुए देश के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने का है। इससे पहले राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने 'अहिंसा पर्व' मनाए जाने की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल ने भगवान महावीर के निर्वाणोत्सव को 'अहिंसा पर्व' रूप में मनाने की पहल की सराहना की।

000

श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने प्रदेशवासियों से दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाकर खुशियां मनाने और रसोई में मिट्टी के बर्तनों में पकवान बनाकर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की है। श्री टाक ने आज जयपुर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिवाली नवाचार करते हुए सभी लोग मिट्टी के खिलौने और बर्तनों को उपहार स्वरूप दें।

उन्होंने कहा कि ऐसा करने पर कुम्हार कामगारों को अधिक से अधिक रोजगार मिलेगा और उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। श्री टाक ने राज्य के सभी विधायकों और सांसदों को पत्र लिखकर मिट्टी से बनी वस्तुएं उपहार में देने का आह्वान किया है।

000

रेल मंत्रालय, दीपावली और छठ पूजा के त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए सात हजार विशेष ट्रेन चला रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में कहा कि इन विशेष रेलगाड़ियों से रोजाना लगभग दो लाख यात्री यात्रा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष चलाई गई साढे चार हजार रेलगाडियों की तुलना में इस साल रेलगाडियों की संख्या बढ़ाकर सात हजार की गयी है।

000

पश्चिमी राज्यों का सामुदायिक रेडियो सम्मेलन–सीआरएस आज से जयपुर में शुरू हुआ। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से भारतीय जनसंचार संस्थान–आईआईएमसी, नई दिल्ली के सहयोग से

आयोजित दो दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन संस्थान के अपर महानिदेशक निमिष रुस्तगी ने किया। इस सम्मेलन का विषय है ''भारत में सामुदायिक रेडियो के बीस वर्ष पूरे होने का उत्सव''। सम्मेलन में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात और मेजबान राजस्थान के सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के 100 से ज्यादा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री रुस्तगी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों के विकास में आमुदायिक रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसी लिए सरकार इनको लगातार बढ़ावा दे रही है। सम्मेलन में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों से संबंधित मुद्दों पर विचार–विमर्श किया जा रहा है।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को प्रोग्रामर प्रतियोगिता परीक्षा 2024 का आयोजन किया जाएगा। ये परीक्षा जयपुर शहर के 109 केन्द्रों पर होगी। दो पारियों में आयोजित होने वाली परीक्षा में कुल 35 हजार 746 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो परीक्षा समाप्ति तक काम करेगा।

000

वन विभाग रणथम्भौर बाघ परियोजना में भ्रमण के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग करने वाले फर्जी वेबसाइट संचालकों पर शीघ्र कार्यवाही करेगा। मुख्य वन संरक्षक अनूप के.आर. ने बताया कि उद्यान में भ्रमण के लिए वन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट है। कई लोग हूबहू वेबसाइट और रणथम्भौर बाघ परियोजना की ऑफिशियल वेबसाइट बताकर सफारी बुकिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फर्जी वेबसाइट चलाने वाले लोग अपनी साइट सात दिन में बंद नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ आईटी एक्ट में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

000